बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-27
24/01/2024

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती पर मुख्यमंत्री ने शत्—शत् नमन किया, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 24 जनवरी 2024 :— भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 100वीं जयंती के अवसर पर बिहार विधान मंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मो0 इसराईल मंसूरी, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री महेश्वर हजारी, बिहार विधान परषद् के उप सभापति श्री रामचन्द्र पूर्वे, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बिहार के उन विभूतियों जिनका राजकीय समारोह आयोजित किया जाता है, उस पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया।

इस अवसर पर बिहार गीत, सूचना एवं जन—संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन एवं जननायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीतों का गायन किया गया।

इसके पश्चात् देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा अध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी, उर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, कला संस्कति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री जितेन्द्र कुमार राय, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, बिहार विधान परिषद् के उप सभापति श्री रामचन्द्र पूर्वे, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोत कोर, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, जननायक कर्पूरी ठाकुर के परिजन सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जीवनी पर आधारित एक लघु फिल्म 'कर्पूरी ठाकुर गरीबों का मसीहा' प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

****